>

Title: Need to ensure appointment of members in Bhakra Beas Management Board from the stakeholder States on rotation basis.

श्री चाँद नाथ (अलवर): राजस्थान राज्य का रावी व्यास के आधिक्य जल में 52.60 प्रतिशत हिस्सा है एवं बीबीएमबी में राजस्थान कैडर के अधिकारी को कभी भी सदस्य नियुक्त नहीं किया गया ।

राजस्थान सरकार ने केन्द्रीय "जल संसाधन मंत्रालय" को निवेदन किया है कि प्रचलित इस अतर्कसंगत एवं अनुचित परिपाटी को बदलने की जरूरत है । बीबीएमबी में सदस्यों की नियुक्ति सहभागी राज्यों से रोटेशन के आधार पर होनी चाहिए ।

जनलेखा समिति के सदस्यों को आश्वासन दिया कि पदधारी सचिव (हरियाणा कैडर) के अक्टूबर, 2011 में सेवानिवृत्ति पश्चात राजस्थान के अधिकारी की नियुक्ति सचिव पद पर की जावेगी । परंतु इस आश्वासन को नकारते हुए हरियाणा के अधिकारियों की सेवाएं जारी रखी । यदि किसी कारण से सदस्य सिंचाई राजस्थान से नियुक्ति किया जाना अभी संभव नहीं हो तो सचिव बीबीएमबी पद पर राजस्थान से तुंत नियुक्ति की जावे ।